Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 12 जुलाई, 2022

प्रसार भारती का नया प्रतीक चिह्न

सूचना और प्रसारण सचिव अपूर्व चंद्रा ने **11 जुलाई, 2022** को **प्रसार भारती** के **नए प्रतीक चिह्न (LOGO)** का अनावरण किया। नए प्रतीक चिह्न में **भारत का नक्शा, राष्ट्र के लिये भरोसे की सेवा, सुरक्षा और उत्कृष्टता** को प्रदर्शित करता है। इसका **गहरा मध्यम नीला रंग आकाश एवं समुद्र दोनों का प्रतिनिधित्व करता है जो मुक्त स्थान, स्वतंत्रता, अंतर्ज्ञान, कल्पना, प्रेरणा और संवेदनशीलता** से जुड़ा है। **नीला रंग गहराई, वफादारी, ईमानदारी, ज्ञान, आत्मविश्वास, स्थिरता, विश्वास और बुद्धि का भी प्रतिनिधित्व** करता है। इस अवसर पर प्रसार भारती के सदस्य डी.पी.एस. नेगी ने कहा कि प्रसार भारती के **नए प्रतीक चिह्न को आकाशवाणी एवं दूरदर्शन दोनों के मिश्रण** के रूप में परिभाषित किया गया है। प्रसार भारती एक **स्वायत्त वैधानिक निकाय** है जो **प्रसार भारती अधिनियम के तहत 23 नवंबर, 1997 को अस्तित्व में आया,** यह देश का **सार्वजनिक सेवा प्रसारक (Public Service Broadcaster)** है। प्रसार भारती अधिनियम में संदर्भित सार्वजनिक सेवा प्रसारण उद्देश्यों को **आल इंडिया रेडियो** तथा **दूरदर्शन** के माध्यम से प्राप्त किया जाता है। उल्लेखनीय है कि **ये दोनों पहले सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीन मीडिया यूनिट के रूप में कार्य करते थे और प्रसार भारती की स्थापना के बाद इसके घटक बन गए।**

नोवाक जोकोविच

हाल ही में सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने विम्बलडन टेनिस प्रतियोगिता, 2022 का पुरुष सिंगल्स खिताब जीता। उन्होंने 10 जुलाई, 2022 को लंदन में फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस को 4-6, 6-3, 6-4, 7-6 से हराया। इसके साथ ही जोकोविच **रोजर फेडरर, पीट संप्रास और ब्योन बोर्ग के बाद लगातार चार विम्बलडन खिताब जीतने वाले चौथे खिलाड़ी** बन गए हैं। यह जोकोविच का कुल मिलाकर **21वाँ ग्रैंड स्लैम खिताब है।** अब वे **राफेल नडाल के रिकॉर्ड से बस एक खिताब पीछे हैं।** विम्बलडन चैंपियनशिप (Championships Wimbledon) जिसे आमतौर पर विम्बलडन या द चैंपियनशिप (The Championships) के रूप में जाना जाता है, **विश्व का सबसे पुराना ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट है।** प्रथम विश्व युद्ध के दौरान वर्ष 1915-18 और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान वर्ष 1940-45 की अवधि को छोड़कर वर्ष 1877 से **प्रत्येक वर्ष इस टूर्नामेंट का आयोजन लंदन के विम्बलडन में स्थित ऑल इंग्लैंड क्लब में किया जाता है।**

देवघर में नवनिर्मित अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 जुलाई, 2022 को **देवघर में नवनिर्मित अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन** करेंगे। 654 एकड़ भूमि में फैला यह हवाई अड्डा देश के **12 ज्योतिर्लिंगों में से** एक **बाबा बैद्यनाथधाम** से श्रद्धालुओं और पर्यटकों को सीधी विमान सेवा प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री इस अवसर पर **झारखंड के देवघर ज़िले में 16,835 करोड़ रुपए** से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री बाबा बैद्यनाथधाम मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे और **देवघर में एम्स अस्पताल में सुपर स्पेशियलिटी ऑपरेशन थियेटर का भी उद्घाटन** करेंगे।

नए संसद भवन पर राष्ट्रीय प्रतीक का अनावरण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने **11 जुलाई, 2022** को **नए संसद भवन (सेंट्रल विस्टा) की छत पर राष्ट्रीय प्रतीक चिह्न अशोक स्तंभ का अनावरण** किया। **9,500 किलोग्राम कांस्य से बने राष्ट्रीय प्रतीक चिह्न** की **ऊँचाई 6.50 मीटर** है। इसे संसद की नई इमारत के **सेंट्रल कक्ष के शीर्ष पर** लगाया गया है। **भारत का राजचिह्न** (राष्ट्रीय प्रतीक) **सारनाथ स्थित अशोक के सिंह स्तंभ की अनुकृति है,** जो सारनाथ के संग्रहालय में सुरक्षित है। मूल स्तंभ में शीर्ष पर चार सिंह हैं, जो एक-दूसरे की ओर पीठ किये हुए हैं। इसके नीचे घंटे के आकार के पद्म के ऊपर एक चित्र वल्लरी में एक हाथी, चौकड़ी भरता हुआ एक घोड़ा, एक साँड तथा एक सिंह की उभरी हुई मूर्तियाँ हैं, इसके बीच-बीच में चक्र बने हुए हैं। एक ही पत्थर को काट कर बनाए गए इस सिंह स्तंभ के ऊपर 'धर्मचक्र' रखा हुआ है। **भारत सरकार ने यह चिह्न 26 जनवरी, 1950 को अपनाया।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-12-july-2022